डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

सोमवार

04 दिसंबर 2023

आपकी आवाज




तीन राज्यों में जीत पर भाजपा ने मनाई होली-दिवाली 2



### पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में चार के नतीजे घोषित, तीन राज्यों में बीजेपी की प्रचंड जीत, तेलंगाना में कांग्रेस को सत्ता

# एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में लहराया भगवा

**एजेंसी/नई दिल्ली**

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी ने जोरदार जीत हासिल की है। इन तीन राज्यों में भगवा का परचम लहराया है। हिंदी पट्टी के इन तीन राज्यों में कांग्रेस को तगड़ा झटका लगा है। उसके हाथ से दो राज्य निकल गए हैं। कांग्रेस को तेलंगाना में सहानुभूति जीत मिली है। राजस्थान, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में वही हुआ, जिसका अंदाजा तमाम मीडिया लगा रहा था। मध्य प्रदेश में जनता ने शिव को फिर से राज करने जनादेश दे दिया। तो राजस्थान में जनता जर्नादन ने अपनी परंपरा को जारी रखते हुए सत्तापक्ष को 5 साल के बाद विपक्ष में बैठा दिया। बात करते हैं तेलंगाना की, जहां तो कमाल ही हो गया। राज्य बनने के बाद से ही मुख्यमंत्री रहे के. चंद्रशेखर राव से सत्ता की चाबी छीन ली गई और सौंपी गई कांग्रेस के हाथों में। उम्मीद की जा रही थी कि विधानसभा चुनावों में स्कोर 2-2 से बराबर रहेगा। लेकिन छत्तीसगढ़ में बीजेपी ने तमाम अनुमानों को झूठा साबित करते हुए मैच ही पलटकर रख दिया। शुरूआत अंडरडॉग के तौर पर की, लेकिन दोपहर होते-होते जीत का परचम लहरा दिया। मध्य प्रदेश और राजस्थान को लेकर तो पहले ही कयास थे कि यहां इस बार भगवा लहराएगा। मध्य प्रदेश में बीजेपी ने फिर से शानदार प्रदर्शन करते हुए 230 में से 165 सीटों पर अपना कब्जा जमा लिया है। बड़ी बात रही कि 2018 में बीजेपी को जो मंत्री हारे थे, उनमें से अधिकतर ने फिर से जीत दर्ज कर ली। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने एक लाख से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज फिर से सीएम बनने का दावा पेश कर दिया। साल 2018 में हालांकि बीजेपी और कांग्रेस के बीच कड़ी टक्कर रही थी। बीजेपी ने 109 सीटों पर जीत दर्ज की जबकि कांग्रेस ने 114 सीटों पर जीत दर्ज की थी।

**राजस्थान में नहीं चला जादूगर का जादू:** एग्जिट पोल पहले ही बता रहे थे कि राजस्थान में मुकाबला कड़ा रहेगा, लेकिन दोपहर होते-होते सब कुछ एकतरफा हो गया। खबर लिखे जाने तक राजस्थान में 61 सीटों पर जीत दर्ज कर ली और 54 सीटों पर बढ़त बना ली थी। मतलब कुल 115 सीटों पर पार्टी की बढ़त है। कांग्रेस महज 69 सीटों पर ही सिमटती दिख रही है। इनमें से 35 उसने जीत ली और 34 पर आगे चल रही थी। करीब 15 सीटों पर निर्दलीय और छोटे दलों ने भी बढ़त बना रखी है। बीजेपी के प्रमुख चेहरे वसुंधरा राजे, महंत बालक नाथ, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, किरोड़ीलाल मीणा ने अपनी-अपनी सीट पर दर्ज कर ली। कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट भी आगे चल रहे हैं। दिव्या मदेरणा, पीसी जोशी और सतीश पूनिया को हालांकि हार मिली है।

**छत्तीसगढ़ में बड़ा खेल:** छत्तीसगढ़ में बड़ा खेला हो गया। तमाम एक्जिट पोल कांग्रेस को जीत दिला रहे थे। शुरूआती एक घंटे की गिनती के बाद अनुमान सच होते दिख रहे थे। लेकिन इसके बाद तस्वीर बदलनी शुरू हुआ और बीजेपी ने यहां भी जीत हासिल की। बीजेपी ने 56 सीटों पर बढ़त बना ली है, जिनमें से 4 पर उसे जीत मिल गई है जबकि 52 सीटों पर आगे चल रही है। सीएम पद के दावेदार रमन सिंह राजनांदगांव से जीत दर्ज कर ली है।

**तेलंगाना में कांग्रेस का कमाल:** पहली बार तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। के. रेवंत रेड्डी के नेतृत्व ने केसीआर की सरकार को करारी हार का स्वाद चखा दिया। कांग्रेस ने 119 में से 63 सीटों पर बढ़त बना ली है, जिनमें से 20 सीट जीत ली हैं और 43 पर वह आगे है। सत्तारूढ़ दल इफ्र महज 40 सीटों पर ही आगे है, जो पिछली बार की तुलना में 43 सीटें कम हैं। बीजेपी यहां दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाई। वह महज 8 सीटों पर ही बढ़त बना पाई। ओवैसी की एआईएमआईएम भी कांग्रेस के आगे नहीं टिक पाई। उसके खाते में सिर्फ 7 सीट आई हैं।









## पीएम मोदी बोले... चुनाव के नतीजों ने स्पष्ट कर दिया है कि देश का युवा सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

तीन राज्यों में मिली बड़ी जीत के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय में कार्यकताओं को संबोधित किया। कहा कि आज की विजय ऐतिहासिक है, अभूतपूर्व है। आज सबका साथ, सबका विकास की जीत हुई है। आज ईमानदारी, पारदर्शिता और सुशासन की जीत हुई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, जिस कांग्रेस ने आदिवासी समाज को कभी पूछा तक नहीं उस आदिवासी समाज ने कांग्रेस का सफाया कर दिया। यही भावना आज हमने एमपी, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में देखी है। इन राज्यों की आदिवासी सीटों पर कांग्रेस का सूपड़ा साफ हो गया है। आदिवासी समाज आज विकास के लिए आकांक्षी है और उन्हें भरोसा है कि इस आकांक्षों को सिर्फ भाजपा पूरा कर सकती है। मैं हमारे कार्यकताओं की भी सराहना करूंगा, भाजपा और कमल के प्रति आपकी निष्ठा, आपका समर्पन अतूलनीय है। आज हर एक फर्स्ट टाइम वोटर गर्व से कह रहा है कि वो खुद जीता है। इस जीत



में हर महिला अपनी जीत देख रही है। इस जीत में बेहतर भविष्य का सपना देखने वाला हर युवा अपनी जीत देख रहा है। हर वो नागरिक इसे अपनी सफलता समझ रहा है, जो 2047 में भारत को एक विकसित राष्ट्र देखना चाहता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं तेलंगाना की जनता और तेलंगाना भाजपा कार्यकताओं का विशेष आभार व्यक्त करता हूं, हर चुनाव में तेलंगाना में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है, मैं तेलंगाना के कार्यकर्ता को विश्वास दिलाता हूं कि भाजपा आपकी सेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि चुनाव के नतीजों ने स्पष्ट किया है कि देश का युवा सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है। जहां भी सरकारों ने युवाओं के खिलाफ काम किया है वे सरकारें सत्ता से बाहर हुई हैं, चाहे राजस्थान, छत्तीसगढ़ या तेलंगाना हो, इन तीनों राज्यों में सत्ता में बैठे दल अब सत्ता से बाहर हैं। मैं अपनी माताओं-बहनों-बेटियों के सामने, मैं अपने युवा साथियों के सामने, मैं अपने किसान साथियों के सामने,मैं अपने गरीब परिवारों के सामने, उनके निर्णय के सामने नतमस्तक हूं। कहा कि इस चुनाव में देश को जातियों में बांटने की बहुत कोशिशें हुई लेकिन मैं लगातार कह रहा था कि मेरे लिए देश में 4 जातियां ही सबसे बड़ी जातियां है। जब मैं इन 4 जातियों की बात करता हूं तब हमारी नारी, युवा, किसान और हमारे गरीब परिवार इन 4 जातियों को सशक्त करने से ही देश सशक्त होने वाला है। मैं अक्सर कहता था कि नारी शक्ति यह ठान कर निकली है कि भाजपा का परचम लहराएंगी। आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने देश की माताओं-बेटियों के मन में नया विश्वास जगाया है।

## राहुल गांधी बोले... जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं

**एजेंसी/नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और तेलंगाना के चुनाव रिजल्ट पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पहली प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हम इसे स्वीकार करते हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान का जनादेश हम विनम्रतापूर्वक स्वीकार करते हैं। विचारधारा की लड़ाई जारी रहेगी। तेलंगाना के लोगों को मेरा बहुत धन्यवाद। प्रजालु तेलंगाना बनाने का वादा हम जरूर पूरा करेंगे। सभी कार्यकताओं को उनकी मेहनत और समर्थन के लिए दिल से शुक्रिया।

### प्रियंका बोलीं... जनता का फैसला सिर माथे पर

प्रियंका गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, तेलंगाना की जनता ने इतिहास रचते हुए कांग्रेस पार्टी के पक्ष में जनादेश दिया है। यह प्रजाला तेलंगाना की जीत है। यह प्रदेश की जनता और कांग्रेस पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता की जीत है। कहा कि तेलंगाना की जनता को तह-ए-दिल से धन्यवाद। कांग्रेस पार्टी तेलंगाना में शांति, समृद्धि और प्रगति के लिए संकल्पबद्ध है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ की जनता ने कांग्रेस पार्टी को विपक्ष की भूमिका सौंपी है। जनता का फैसला सिर माथे पर।

## चुनाव परिणामों ने साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं: अमित शाह


**एजेंसी/नई दिल्ली**

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष पर बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि आज के चुनाव परिणामों ने यह साबित कर दिया है कि तुष्टीकरण और जाति में बांटने की राजनीति के दिन समाप्त हो चुके हैं। कहा, जनता के दिल में सिर्फ और सिर्फ मोदी जी हैं। नया भारत पॉलिटिक्स ऑफ परफॉरमेंस पर वोट देता है। इस अपार समर्थन के लिए मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान की जनता को नमन करता हूं। बीजेपी की इस भव्य विजय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को बहुत-



बहुत बधाई। अमित शाह ने राजस्थान का जनता का अभिनंदन किया है. उन्होंने कहा, वीरभूमि राजस्थान की जनता का हृदय से आभार। पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी को जीत का आशीर्वाद देने के लिए राजस्थान की जनता का अभिनंदन करता हूं।

कहा कि मध्य प्रदेश की यह प्रचंड जीत पीएम मोदी के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार की कल्याणकारी नीतियों और सुशासन पर जनता की मुहर है। प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद देकर बीजेपी को निरंतर सेवा का अवसर देने के लिए जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। शाह ने कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय, गरीब और किसान बहनों-भाइयों ने पीएम मोदी में अपना विश्वास जताकर भाजपा को प्रचंड बहुमत का आशीर्वाद दिया है। इस विशाल जीत के लिए छत्तीसगढ़ की जनता का आभार व्यक्त करता हूं। तेलंगाना को लेकर अमित शाह ने कहा कि उत्साहवर्धक समर्थन के लिए तेलंगाना के लोगों का आभार।







### मुख्यमंत्री योगी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर दी भाजपा को जीत की बधाई, बोले...

# मोदी की गारंटी पर लगी जनता के विश्वास की गारंटी

**केटी न्यूज ब्यूरो/लखनऊ**

तीन राज्यों के विधानसभा चुनाव में कमल खिलने पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने ऑफिशियल अकाउंट के जरिए जीत की बधाई दी है। सीएम योगी ने इसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में मिली जीत बताया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में चार राज्यों के चुनाव परिणामों में तीन राज्यों में बीजेपी की भारी हैट्रिक लगना 'मोदी की गारंटी' पर 'जनता के विश्वास की गारंटी' है। सीएम ने इस जीत पर भारतीय जनता पार्टी के समर्पित कार्यकताओं व सम्मानित मतदाताओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं।

**'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वालों को दी बधाई:** राजस्थान की जीत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने लिखा कि वीरभूमि राजस्थान में भाजपा की भारी मतों से विजय की समस्त कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं सम्मानित राजस्थान वासियों का अभिनंदन। यह ऐतिहासिक जीत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व, लोक-कल्याणकारी विजन एवं नीतियों और समग्र विकास के संकल्प के प्रति राजस्थान के नागरिकों के अटूट विश्वास का प्रतीक है। 'आपणो अग्रणी राजस्थान' की चाह रखने वाले सभी राजस्थान वासियों को पुनः शुभकामनाएं।

**तेलंगाना का प्रदर्शन कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तेलंगाना में भाजपा के प्रदर्शन को समर्पित कार्यकताओं के अथक परिश्रम का सुफल बताया। उन्होंने कहा कि सेवा, सुशासन और राष्ट्रवाद को अपना समर्थन देने वाले ऊजार्वान तेलंगाना वासियों का अभिनंदन एवं कर्मठ कार्यकताओं को हार्दिक बधाई।



### मध्य प्रदेश की विराट विजय पीएम मोदी के नेतृत्व के प्रति अटूट जनविश्वास पर मुहर, प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई

सीएम योगी आदित्यनाथ ने मध्य प्रदेश में भाजपा के जीत की बधाई देते हुए एक्स अकाउंट पर लिखा कि मध्य प्रदेश में विराट विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व के प्रति अटूट जन-विश्वास की मुहर है। डबल इंजन सरकार के सुशासन, सुरक्षा और विकास को समर्पित इस जीत की सभी प्रतिबद्ध कार्यकताओं एवं सम्मानित प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई।

**छत्तीसगढ़ की जीत को सेवा-सुशासन व विकास के लिए समर्पित बताया:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स अकाउंट पर लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में भाजपा की विजय की सभी समर्पित कार्यकताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। सेवा, सुशासन, विकास और सामाजिक न्याय को समर्पित इस विजय के लिए छत्तीसगढ़ वासियों का हार्दिक अभिनंदन।

## आरा, जहानाबाद व औरंगाबाद में लगे भारत माता की जय, नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद के नारे

# तीन राज्यों में जीत पर भाजपा ने मनाई होली-दिवाली







**केटी न्यूज/आरा**

मध्यप्रदेश, राजस्थान, छतीसगढ़ में भाजपा को मिली प्रचंड जीत पर जिलाभर में भाजपा कार्यकताओं ने आरा के रमना स्थित महावीर मंदिर परिसर मे एकसाथ होली और दिपावली मनाई। कार्यकताओ ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए भारत माता की जय,नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, अमित शाह जिन्दाबाद, जेपी नड्डा जिन्दाबाद, भारतीय जनता पार्टी जिन्दाबाद आदि नारे लगाए। कार्यकताओं ने मिठाई बांटी और एक-दूसरे को खिलाकर मुंह मीठा किया। सभी ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और पटाखे छोड़कर खुशी व्यक्त की। जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने पार्टी की जीत पर खुशी जताते हुए कहा कि प्रधान लोक सेवक माननीय नरेन्द्र मोदी जी की करिश्माई नेतृत्व में आज सभी क्षेत्रों में विकास कार्य हो रहा है और लोगों को स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के अनेक तरह की योजना बनाई जा रही है जिसमें विश्वकर्मा योजना जो समाज के सभी वर्गों को शामिल कर उनके आर्थिक स्वावलंबन के दिशा में सार्थक प्रयास है जो आने वाले समय में विकसित भारत के सपनों को साकार करेगा उसी तरह प्रधानमंत्री जी द्वारा किसानों, युवा, महिला, और गरीबों के कल्याण के कई योजना चलाई जा रही है ।और प्रधानमंत्री जी ने देश को विभिन्न जातियों में बांटकर लोगों को गुमराह करने की उनकी प्रयास को नकाम कर दिया है और इस चुनाव के परिणाम ने साबित कर दिया है,नरेंद्र मोदी के बातों और उनके द्वारा किए जा रहे कल्याणकारी योजनाओं पर लोगों को भरोसा है। वहीं उक्त अवसर पर उपस्थित बड़हरा विधायक राघवेन्द्र प्रताप सिंह ने तीनों राज्यो मे प्रचंड बहुमत सही तेलंगाना में सीट की बढत पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज हम तीन राज्य ही नही दक्षिण भारत के तेलंगाना मे भी जीते हैं। तेलंगाना मे हम एक से नौ हुए और अगली बार नब्बे हो जाएंगे। यह सेमीफाइनल नही, फाइनल मुकाबला था और विपक्ष चारों खाने चित हो गया। वही जिला उपाध्यक्ष ई. धीरेन्द्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ही देश के विकास की गारंटी है। प्रधानमंत्री जी 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का संकल्प के साथ काम कर रहे है। विकसित भारत बनानू के लिए भारत की जनता उनके साथ है और विपक्षी भी अब उनके विकसित भारत के संकल्प पूरा करने मे योगदान दें।

कार्यक्रम मे ई.धीरेंद्र सिंह,हरेन्द्र पांडेय, सूर्यनाथ सिंह, शंभु चौरसिया, अशोक शर्मा, महेश पासवान, लव पांडेय, संजय कुमार सिंह, संतोष चंद्रवंशी, मधु मिश्रा, नवीन प्रकाश, धीरज सिंह, निलेश जैन, राहुल सिंह, राजेश सिंह, रामदिनेश यादव, प्रहलाद राय, सूर्यकांत पांडेय, अजय सिंह,धीरेन्द्र प्रसाद सिंह, शंभु प्रसाद, आलोक अंजन, विभु जैन, निशांत सेंगर, प्रतीक कुमार, हरेन्द्र सिंह, जीतु चौरसिया, हैप्पी तिवारी व अन्य थे।

### जहानाबाद में मना जश्न

**जहानाबाद।** भारतीय जनता पार्टी जिला जहानाबाद की ओर से जिला अध्यक्ष अजय कुमार देव के नेतृत्व में स्थानीय अरवल मोड़ पर चार राज्यों के विधानसभा चुनाव का परिणाम आने पर भारतीय जनता पार्टी परिवार की ओर से भव्य जुलूस निकाला गया। इसके साथ ही कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को अबीर-गुलाल लगा और पटाखा छोड़कर होली और दीपावली मनाई। कार्यकर्ताओं ने मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया। जिला अध्यक्ष जी ने कहा कि चार राज्यों में वहां की जनता ने यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पर विश्वास कर प्रचंड बहुमत देकर वहां के जनता ने जो कार्य किया , इसके लिए वहां की जनता को बहुत-बहुत धन्यवाद बधाई एवं आभार। जिला महामंत्री अनिल ठाकुर ने कहा कि वहां की जनता ने सनातन धर्म का विरोध करने वाले एवं जात-पात की राजनीति करने वाले विरोधियों को सबक सिखाया है। आनेवाले दिन में माननीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 सीटों पर प्रचंड बहुमत के साथ जीत कर फिर से एक बार माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाएंगे। वहां की जनता ने प्रचंड बहुमत देखकर सबका साथ सबका विकास ,सब पर विश्वास कर सरकार बनाया है इसलिए वहां के जनता को बहुत-बहुत बधाई, धन्यवाद ,आभार। इस कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष शशि रंजन, सुरेश शर्मा , पूनम सिन्हा जिला उपाध्यक्ष शैलेश कुमार , कृष्णकांत राय, सोहन प्रसाद काकू, जिला महामंत्री धीरज कुमार जिला मंत्री विजय कुमार सत्कार , सर्वेश कुमार, बृजेश शर्मा, महेंद्र कुमार, जेपी केसरी , विनोद पाठक डॉ मनीभूषण शर्मा, गोपाल कुमार, मुकेश कुमार ,श्रीकांत शर्मा, अखिलेश कुमार युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि शेखर,संतोष चंद्रवंशी, कुलदीप कुमार ,कौशलेंद्र कुमार ,रोशन कुमार समेत कई कार्यकताओं ने अपने सभी साथियों के साथ गुलाल लगाकर मिठाइयां बांटकर खुशी का इजहार किया।

### भाजपा कार्यकताओं में खुशी की लहर

**औरंगाबाद।** विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की स्पष्ट बहुमत मिलने पर औरंगाबाद भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार सिंह ने बधाई व शुभकामना व्यक्त किया है। खुशी जाहिर करते हुए भाजपा कार्यकताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत के प्रति लगाव है और भारत के लोगों को श्री मोदी की प्रति लगाव है जो आज चुनावी नतीजा सामने आया है । तीनों राज्य में भाजपा स्पष्ट जनादेश के साथ सरकार बनाने के मुकाम पर है। आज इंडिया गठबंधन के तुष्टिकरण नीति के खिलाफ जनता ने जनादेश दिया है । आगामी लोक सभा चुनाव में इंडिया गठबंधन का सफाया तय है। भाजपा नेता इंद्रदेव यादव तीर्थ नारायण प्रसाद वैश्य अनिल गुप्ता सुनील कुमार शर्मा वीरेंद्र कुमार सिंह जुगल किशोर सिंह अरविंद सिंह रघुनाथ राम अविनाश कुमार विनोद शर्मा सुनील सिंह जय किशोर मिश्रा सहित दर्जनों कार्यकर्ता ने इस जीत पर खुशी प्रकट किया है।

एक नजर

### जहानाबाद के मुख्य पार्षद और नगर परिषद कार्यपालक के बीच का विवाद गहराया

**जहानाबाद।** मुख्य पार्षद और नगर परिषद कार्यपालक के बीच का विवाद गहराता जा रहा है।मुख्य पार्षद रूपा देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी जुल्फकार अली प्यामी और वार्ड पार्षद संजय यादव पर शहर की विकास ठप करने का आरोप लगाया।रूपा देवी ने एक प्रेस बयान जारी कर कहा है कि शहर के विकास हेतू प्रमुख एजेण्डा 30.09.2023 की हुई बैठक में जहानाबाद शहर में छः हजार स्ट्रीट लाइट लगाने कि प्रस्ताव पारित की गई थी मगर दुर्गा पुजा, दिवाली, छठ पुजा वित जाने के बाद भी शहर में लाइट नहीं लगाई गई एवं जहानाबाद-वासियों के सुविधा के लिए मकान होल्डिंग टैक्स स्पैरो कम्पनी को रद्द की गई थी उसके बावजूद भी कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा अवैध वसूली कराई जा रही है। उसी के आलोक में दिनांक 04.12.2023 को नगर परिषद् में साधारण बोर्ड की बैठक रखने का कार्यपालक पदाधिकारी को सुचना दी गई थी। मगर कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा कोई भी कार्य नहीं कराया गया। और कारण स्पष्ट नहीं किया गया की शहर में लाइट लगाने कि बात पर भड़क कर वार्ड संघ के दलाल के द्वारा साजिश रचकर मीडिया में गलत बयान दिया गया।

### महुआ शराब बरामद, पत्नी गिरफ्तार, पति फरार

**गोह (औरंगाबाद)।** उपहारा थाना पुलिस ने शनिवार की थानाक्षेत्र के डड़वा गांव में देशी महुवा शराब के साथ महिला धंधेवाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष किरण कुमारी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली की डड़वा गांव निवासी नन्हक साव अपनी पत्नी के साथ अपने घर मे महुआ शराब बनाकर धंधा कर रहा है।जब सत्यापन को लेकर उसके घर मे छापेमारी की गई तो पुलिस की भनक लगते ही धंधेवाज नन्हक साव फरार हो गया।वही उसके घर से 38 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया है। वहीं नन्हक साव की पत्नी प्यारी देवी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी, पटना रेफर

**आरा।** आरा-सिन्हा मार्ग पर कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के बभनगांवा गांव के समीप रविवार की सुबह सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। आरा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार करने के बाद उसे पटना रेफर कर दिया गया है। जख्मी वह कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के सरैया गांव निवासी डॉ. रामेश्वर का 30 वर्षीय पुत्र चंदन कुमार राम है। बताया जा रहा है कि रविवार की सुबह युवक बाइक पर सवार होकर अपने गांव से आरा जा रहा था। उसी दौरान बभनगांवा गांव के समीप पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। वहां प्राथमिक उपचार करने के बाद उसकी हालत देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया।

### पूर्व के विवाद में दुकानदार की पिटाई

**आरा।** नवादा थाना क्षेत्र के चंदवा मोहल्ले में रविवार की दोपहर पूर्व के विवाद में एक दुकानदार की जमकर पिटाई कर दी गई। उससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसका इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। जख्मी युवक चंदवा मोहल्ला निवासी गोरख यादव का पुत्र संतोष यादव है। उसने बताया कि वह चंदवा मोड़ पर फास्ट फूड की दुकान चलाता है। दो महीना पूर्व पट्टीदार से मामूली विवाद को लेकर झगड़ा हुआ था। रविवार की दोपहर वह बाइक से अपने चाचा के लगन के ऑर्डर का सामान लेने के लिए बाजार गया था। सामान लेकर बाजार से वापस घर लौट रहा था। तभी मोहल्ले में बीच रास्ते में पट्टीदार के लोगों ने घेर लिया और लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी। उससे गंभीर रूप से जख्मी हो गया।

### पत्रकार के निधन पर लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**गोह( औरंगाबाद)।** पत्रकार बबलू कुमार के निधन पर गोह के पत्रकारों, साहित्यकारों एवं बुद्धिजीवीयो की ओर से रविवार को पत्रकार दिलीप विश्वकर्मा के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें दिवंगत युवा पत्रकार के सड़क हादसे में हुई मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया गया और एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दिया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि बबलू एक जांबाज पत्रकार थे। उनके अचानक निधन से पत्रकारिता जगत का काफी क्षति पहुंचा है। साथ ही मृतक के परिजनों के प्रति गहरा सहानुभति प्रकट करते हुए सरकार से प्रयाप्त मुआवजा देने की मांग की गई। इस मौके पर बृजमोहन राम, रविनन्दन, मणिकांत पांडेय रवि कुमार सिकंदरा पासवान अमरेंद्र सिंह सुखेन्द्र ,विनय कुमार सिंह, कामदेव चंद्रवंशी, बृजमोहन वर्मा, देवरंजन दास, रामौतार सिंह, कपिलदेव सिंह, राजेन्द्र सिंह, अवधेश पासवान, रवींद्र पासवान, डॉ. अशोक कुमार, सुरेंद्र मिश्र सहित कई शिक्षाविद उपस्थित थे।

### शराब की खेप के साथ दो बाइक सवार धराए

**औरंगाबाद।** अंग्रेजी शराब की बड़ी खेप के साथ दो बाइक सवार युवक को ढिबरा थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से दो बाइक एवं 99.72 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया है। पकड़े गए शराब कारोबारियों में मदनपुर थाना क्षेत्र के दलेलचक बघौरा गांव निवासी उज्जवल कुमार एवं रोशन कुमार हैं। थानाध्यक्ष पवन कुमार ने शराब के साथ दो बाइक सवार युवक को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के उपरांत जेल भेज दिया गया।

### महुआ शराब के साथ दो कारोबारी गिरफ्तार पुलिस ने भेजा जेल

**औरंगाबाद।** शराब के साथ दो कारोबारी को देव थाना की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए करोबारी की पहचान कंतरी बिगहा निवासी उपेंद्र रजक एवं किशन भुईयां हैं। इस दौरान इनके पास से 8 लीटर देसी शराब बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष राजगृह प्रसाद ने बताया कि सूचना के आधार पर उक्त गांव में छापेमारी की गई। जहां से शराब की बिक्री करते दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई के बाद जेल भेज दिया गया।

## आरा स्टेशन और जमीरा हाल्ट के बीच ट्रेन से गिरने से युवक की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/आरा**

दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर आरा स्टेशन और जमीरा हाल्ट के बीच ट्रेन से गिरने से एक युवक की मौत हो गई। उसका शव शनिवार की शाम बरामद किया गया है। मृतक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमीरा गांव निवासी सिदेव राम का 19 वर्षीय पुत्र अखिलेश कुमार था। सिदेव राम ने बताया कि शुक्रवार की सुबह 11 बजे उनका पुत्र मामा के घर पटना जिला के बिहटा गांव जाने के लिए निकला था। इसी बीच घटना हो गई। शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे स्थानीय बच्चों द्वारा पता चला की ट्रेन हादसे में युवक की मौत हो गई है।सूचना मिलने पर परिजन आरा रेल थाना पहुंचे और शव को देख उसकी पहचान की। उसके बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाया गया। बताया जा रहा है कि युवक अपने तीन भाइयों में बड़ा था। उसके परिवार में मां सोनमातो देवी, भाई अभिषेक और विकास है। हादसे के बाद उसके घर में कोहराम मच गया है। मां सोनमातो देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।



### ट्रेन से गिरने से युवक गंभीर रूप से घायल

**जहानाबाद।** जहानाबाद गया पटना रेल खंड पर गौतम बुद्ध स्कूल के समीप ट्रेन से गिरने से एक युवक गंभीर रूप से हुआ घायल, रंजन कुमार नामक जो सुमेरा मिश्र विगहा गांव का निवासी है, यह पटना से अपने घर लौट रहा था जैसे ही गौतम बुद्ध स्कूल के समीप पहुंचा की मोबाइल चोर ने झपट्टा मारकर मोबाइल ले भागना चाहा तभी मोबाइल बचाने के लिए यह व्यक्ति ट्रेन से कूद गया जिसके कारण इस युवक का दोनों पैर कट गया और गंभीर रूप से घायल हो गया आसपास के लोगों के सहयोग से इसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है ,जहां डॉक्टर द्वारा गंभीर हालत को देखते हुए पीएमसीएच रेफर कर दिया है। ज्ञात हो कि गया पटना रेल खंड पर मोबाइल चोरी की घटना लगातार हो रही है चोर का एक गिरोह काफी रूप से सक्रिय है ,और जो भी ट्रेन के गेट पर बैठे यात्रा करते हैं उनका मोबाइल ले भागने का प्रयास करते हैं, जिसमें कई बार लोगों को इस घटना में जान भी गंवानी पड़ी है, रेलवे विभाग द्वारा लगातार लोगों को संदेश दे रही है कि कोई भी व्यक्ति ट्रेन के गेट पर बैठकर मोबाइल नहीं चलाएं लेकिन इसके बाद भी कुछ लोग ट्रेन के गेट पर बैठकर मोबाइल चलाते हैं। जिसके कारण झटमार मोबाइल झपटकर फरार हो जाता है।

## प्रतियोगिता से निखरेगी बच्चों के अंदर की छिपी प्रतिभाः गुप्ता

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**

विद्यार्थियों के अंदर की छिपी प्रतिभा को निखारने के लिए द्वितीय खोज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इससे विद्यार्थी खुद को पहचाने और समाज में बेहतर ढंग से खुद को साबित कर सके। यह बात देव प्रखंड मुख्यालय में उद्यमचंद स्मृति पुस्तकालय के तत्वावधान में आयोजित समान्य ज्ञान पर आधारित प्रतियोगिता में प्रायोजक लक्ष्मण प्रसाद गुप्ता ने कही। यह प्रतियोगिता प्रोजेक्ट कन्या उच्च विद्यालय, राजकीय मध्य विद्यालय, सरस्वती शिशु मंदिर, सूर्य नारायण इंटर कॉलेज एवं कन्या मध्य विद्यालय में अयोजित की गई, जिसमें करीब 5200 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

गुप्ता ने कहा कि इस प्रतियोगिता में जो सवाल पूछे गए हैं और जिन प्रतिभागियों ने जवाब दिए उन्हें इनके उत्तर हमेशा पता रहेंगे। इसके अलावा जिन प्रतिभागियों को इन सवालों के उत्तर पता नहीं थे उन्हें भी याद हो गए हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ सामान्य ज्ञान जैसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों का मानसिक, बौद्धिक विकास होने के साथ-साथ देश दुनिया की सामान्य जानकारी भी प्राप्त होती है। जो भविष्य में जीवन भर काम आती है। इस तरह की प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने से विद्यार्थियों का मानसिक स्तर बढ़ता है साथ ही उन्हें देश, विदेश में घटित घटनाओं की जानकारी भी मिलती है। प्रतियोगी परीक्षाओं में इस विषय का बड़ा महत्व होता है। श्री गुप्ता ने कहा कि शैक्षिक संस्थाओं को समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करानी चाहिए। भारतीय साहित्य, संस्कृति और समाज से जुड़े प्रश्नों का उत्तर पता होने से ज्ञान में वृद्धि होती है। भविष्य में प्रतियोगी परीक्षाओं में पूछा जाने ऐसे सवालों के जवाब देने में किसी तरह की दिक्कत नहीं होगी। कार्यक्रम में विश्वजीत राय, सुधीर सिंह, योगेंद्र सिंह, सुनील प्रसाद, रमेश शर्मा, चंदन यादव, संजय सिंह, मृत्युंजय सिंह, राजेंद्र पासवान, प्रभात कुमार व अन्य मौजूद रहे।




## औरंगाबाद के अंबा स्थित एक स्कूल में जननायक कर्पूरी चर्चा का आयोजन

# कर्पूरी ठाकुर के उत्तराधिकारी हैं नीतीश कुमारः निषाद

**केटी न्यूज/औरंगाबाद**



जननायक कर्पूरी ठाकुर समता मूलक समाज के पक्षधर थे। उन्होंने ईमानदारी और सादगी पूर्ण तरीके से राजनीति की और देश की राजनीति में अमिट छाप छोड़ी। उन्होंने समाजवादी आंदोलन में प्रमुख नेता के रूप में पहचान बनाई। नीतीश कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर के साथ मिलकर राजनीति की और उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। नीतीश कुमार आज उन्हीं के बताए मार्ग पर चल रहे हैं और उनके अधूरे कार्यों को पूरा कर रहे हैं। वे सही मायने में कर्पूरी ठाकुर के उत्तराधिकारी हैं।

उक्त बातें राज्य अति पिछड़ा आयोग के सदस्य अरविंद निषाद नें जननायक कर्पूरी चर्चा के दौरान कही। नीतीश सरकार द्वारा अति पिछड़ा वर्ग के लिए किए गए कार्य एवं केंद्र की उपेक्षा पर विचार हेतु रविवार को अंबा के एक निजी विद्यालय में जननायक कर्पूरी चर्चा का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्य अतिपिछड़ा आयोग के सदस्य अरविंद निषाद, प्रदेश प्रवक्ता सह राज्य महिला आयोग के पूर्व अध्यक्ष अंजूम आरा, पूर्व सांसद व पूर्व विधायक विरेंद्र कुमार सिंह, जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह एवं जदयू के जिला अध्यक्ष व पूर्व विधायक अशोक कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अरविंद निषाद ने कहा कि जननायक पूरे देश में पहले नेता थे जिन्होंने गरीब सवर्णों को तीन प्रतिशत आरक्षण दिया था। हालांकि आरक्षण देने के बावजूद सवर्णों नें उनका तिरस्कार किया। आज नीतीश कुमार ने गरीब सवर्णों को दस प्रतिशत आरक्षण दिया है। जो इस बात का प्रतीक है कि नीतीश कुमार जननायक के मार्ग पर चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लालू यादव ने न्यायिक सेवा में आरक्षण देने की मुहिम चलाई थी लेकिन वे सफल नहीं हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनता दल यूनाइटेड के प्रदेश प्रवक्ता अंजूम आरा ने कहा कि नीतीश कुमार कर्पूरी ठाकुर के मानस पुत्र हैं। जननायक की तरह नीतीश कुमार भी समता मूलक समाज के पक्षधर हैं। उनके द्वारा किए गए कल्याणकारी कार्यों ने समाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक और आर्थिक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन लाया है। पंचायत चुनाव में आरक्षण लागू करने से सामाजिक बदलाव का नया अध्याय शुरू हुआ। जिससे विकास-मूलक समरस समाज का मॉडल सामने आया और ग्रामीण इलाकों में तनाव एवं उग्रवाद की घटनाओं पर विराम लगा। आजादी के बाद देश में पहली बार नीतीश कुमार ने बिहार में पिछड़ा-अतिपिछड़ा कल्याण विभाग का गठन किया और अतिपिछड़े समुदाय के विभिन्न जातियों का सामाजिक, राजनीतिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक उन्नयन कर, इन्हें एक वर्ग के रूप में पहचान दी।

# तीन राज्यों में भारी जीत के बाद भाजपा कार्यकताओं में उत्साह, निकाला विजय जुलूस

**केटी न्यूज/डुमरांव**





रविवार को राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में हुए विधानसभा चुनावों भाजपा को दो तिहाई बहुमत मिलने से भाजपा कार्यकताओं में उत्साह का संचार हो गया है। चुनाव परिणाम आते ही भाजपा डुमरांव नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा के नेतृत्व में कार्यकताओं द्वारा विजय जुलूस निकाला गया। जिसमें कार्यकर्ता एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा तथा मिठाई खिला जीत की खुशियां मनाई। विजय जुलूस के बाद एक सभा का आयोजन किया गया। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा को पूर्ण बहुमत मिलेगा। मौके पर युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी दुर्गेश सिंह, पूर्व अध्यक्ष सुनील सिद्धार्थ, अजय प्रताप सिंह, युवा नेता दीपक यादव, सोनू राय ने सभा को संबोधित किया। इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि भाजपा को मिली यह अभूतपूर्व विजय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा एवं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के कुशल मार्गदर्शन एवं प्रेरणादायी नेतृत्व सहित भाजपा कार्यकताओं की अथक मेहनत व संघर्ष का परिणाम है। इस अवसर पर नगर उपाध्यक्ष राजू केसरी, हेमंत कुमार, नगर मंत्री मुखिया सिंह कुशवाहा, विनोद सिंह, अब्दुल्ला हाशमी, अभिषेक चौरसिया, सुजीत सिंह, नीरज सिंह, रोशन सिंह, उपेंद्र तिवारी, अमित पाठक, विनोद सिंह, हीरालाल प्रसाद, प्रेम जायसवाल सहित कई लोग मौजूद रहे। वही दूसरी तरफ पूर्व कार्यकताओं ने भी तीन राज्यों में मिली प्रचंड बहुमत पर केन्द्रीय नेतृत्व को बधाई दी है। बधाई देने वालों में पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह, पूर्व जिलाध्यक्ष सच्चिदानंद भगत, बलराम पांडेय, बजरंगी तिवारी, दयाशंकर तिवारी, आदित्य चौधरी, हरिशंकर गुप्ता, उमाकांत पांडेय, नंदलाल पंडित, अशोक लाल, रामेश्वर तिवारी आदि शामिल रहे।

**भाजपा कार्यकताओं ने बांटी मिठाईयां: केसठ।** देश के चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में बीजेपी को तीन बड़े राज्यों में बढ़त मिली है। इसी कड़ी स्थानीय नया बाजार में दो जगहों पर भाजपा कार्यकताओं द्वारा तीन राज्यों में भाजपा की सरकार बनने पर ग्रामीणों और कार्यकताओं के बीच मिठाईयां बांटकर जीत का जश्न मनाया। तिवारी टोला महावीर मंदिर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत तिवारी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं के बीच मिठाईयां बांटी गई तथा कार्यकर्ता एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर जीत की बधाई के साथ जश्न मनाए। पूर्व मंडल अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता नरेंद्र पांडेय ने कहा कि भाजपा देश हित में काम करने वाली पार्टी है। वहीं मां भवानी मंदिर के प्रांगण में वर्तमान मंडल अध्यक्ष रतन राउत के नेतृत्व में कार्यकताओं और ग्रामीणों के बीच अबीर गुलाब लगाकर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी गई साथ ही ढोल नगाड़े के साथ पूरे बाजार को भ्रमण किए। इस मौके पर प्रिय भरत सिंह, धर्मेंद्र पासवान, चीकू चंदन, पीयूष दुबे, राहुल तिवारी, नीरज तिवारी, पप्पू तिवारी, दीपक दुबे, कमलेश दुबे, सोनू तिवारी, सुनील तिवारी, लक्ष्मीकांत तिवारी, अनिल बैठा, मुन्ना यादव, नंदजी यादव,रिंकू सिंह, विनोद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकताओं ने अभी गुलाल लगाकर भाजपा के जीत का जश्न मनाया ।वही वर्तमान मंडल अध्यक्ष ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा के प्रचंड जीत से यह पता चलता है कि बदलाव की लहर नहीं सुनामी उठ गई है।

## खबरें फटाफट

### गाद भरी नालियों से उठ रही बदबू, बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

**डुमरांव।** शहर के मुख्य मंडी गोला रोड की सड़क पर नालियों में गाद भरने से पानी का बहाव अवरुद्ध हो गया है, जिस वजह से कई जगहों पर नालियां बजबजा रही है। भीषण गंदगी के कारण उठने वाले दुर्गंध से लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। आये दिन नालियों का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर सड़को पर बहने लगता है। जिससे राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ती है। नगर परिषद क्षेत्र के लोगों ने नाली की सफाई और मच्छरों के प्रकोप से बचने के लिए दवा छिड़काव को लेकर नप प्रशासन ने गुहार लगायी है लेकिन अब तक इस मसले का समाधान नही होने से लोगो मे नप के प्रति आक्रोश बढ़ गया है। बताया जाता है कि शहर के गोला रोड सहित अन्य मोहल्लों में नालियों की सफाई नही होने से स्थिति बदतर हो गयी है। बरसात से पूर्व नप प्रशासन द्वारा शहर के सेंट्रल नाला सहित मुख्य नालियों की विशेष सफाई अभियान चलाकर सफाई कराया जाता है। उसके बाद सफाई के काम की गति धीमी पड़ जाती है। नतीजतन समय गुजरने के साथ ही नालियों का पानी ओवरफ्लो होकर सड़को पर बहता है और गाद से बदबू निकलने लगती है, जिससे लोगों की मुश्किलें बढ़ जाती है।

## रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन के पश्चिमी क्रासिंग के पास हुआ हादसा

# दर्दनाक हादसा... ससुर के सामने दो बच्चों संग ट्रेन की चपेट में आई बहू, तीनों की मौत

- ब्रह्मपुर में ननद के बेटी की शादी में शामिल होने आई थी महिला
- ट्रेन से उतरकर ट्रैक पार करने के दौरान हुआ हादसा
- समस्तीपुर के ताजपुर थाना क्षेत्र के लडुआ गांव की रहनेवाली थी महिला

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**





रविवार को दानापुर डीडीयू रेलखंड के रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर एक दर्दनाक हादासा हुआ। ननद के बेटी की शादी समारोह में अपने सुसर व बेटा बेटी के साथ शामिल होने आई महिला ट्रेन से उतर ट्रैक पार करने के दौरान बच्चों संग ट्रेन की चपेट में आ गई। जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई। माजारा उसके ससुर के आंखों के सामने हुआ। एक साथ बहू, नाती व नतिनी को ट्रेन से कटते देख उसके ससुर बदहवास हो गए थे। घटना दोपहर 12.30 बजे अप मेन लाईन पर पश्चिमी रेलवे क्रासिंग पर गेट संख्या 59/18 की है।

मृतकों में समस्तीपुर जिले के ताजपुर थाना क्षेत्र के लडुआ गांव निवासी संजू दास की 22 वर्षीय पत्नी कविता देवी, 3 वर्षीय पुत्री संध्या कुमारी व दो वर्षीय विक्रांत कुमार शामिल है। इनके साथ कविता के ससुर शिवचंद दास भी थे। जानकारी के अनुसार शिवचंद की बेटी की शादी ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के किस्सागढ़ गांव में हुई थी। शिवचंद के नतिनी की शादी हो रही है। इसी समारोह में शामिल होने के लिए सभी समस्तीपुर से ब्रह्मपुर आ रहे थे। रघुनाथपुर रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतरने के बाद सभी बंद फाटक को पार करने लगे। इसी दौरान ट्रेन खुल गई तथा कविता तथा उसके दोनों बच्चें चपेट में आ गए। इसकी जानकारी मिलते ही जीआरपी ने शव को कब्जे में ले कानूनी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बक्सर भेज दिया। वही इस घटना से पीड़ित परिवार में कोहराम मच गया है। किस्सागढ़ में भी शिवचंद के बेटी के घर शादी की खुशिया मातम में बदल गई है।








# पंचकोशी परिक्रमा: दूसरे दिन नदांव पहुंचा श्रद्धालुओं का जत्था

**केटी न्यूज/बक्सर**

पंचकोशी परिक्रमा के दूसरे दिन रविवार को श्रद्धालुओं का काफिला नदांव पहुंचा। जहां श्रद्धालु नारद सरोवर में स्नान कर महादेव की पूजा अर्चना किया और परंपरा के अनुसार खिचड़ी का प्रसाद खाकर रात्रि विश्राम किया। वही दोपहर तक पंचकोशी परिक्रमा में साधु-संतों के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मेला में जिला समेत सूबे के अन्य भागों के अलावा उतर प्रदेश के कई जगहों से लोग आए हैं। जिससे इस पौराणिक यात्रा का महत्व बढ़ गया है। पंचकोशी परिक्रमा से जुड़े संत व विद्वान प्रवचन के माध्यम से परिक्रमा के उद्देश्य व महत्व को श्रद्धालुओं को बता रहे हैं। वही सुदर्शनाचार्य उर्फ. भोला बाबा ने प्रवचन के माध्यम से कहा कि पंचकोशी का कारवां अहले सुबह अहिरौली से चलकर दूसरे पड़ाव नारद आश्रम नदांव पहुंचा। जहां खिचड़ी का प्रसाद खाकर श्रद्धालुओं ने रात गुजारी। इससे पूर्व श्रद्धालुओं ने यात्रा की प्रथम रात अहिरौली में बिताई थी। नदांव स्थित नारद सरोवर में स्नान करने के बाद भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद खिचड़ी के प्रसाद का भोग लगाकर भजन-कीर्तन किया गया। सरोवर के समीप स्थित देवर्षि नारद द्वारा स्थापित शिव लिंग की आराधना को श्रद्धालुओं की लंबी कतार दोपहर बाद तक लगी रही।

इस मौके पर समिति के अध्यक्ष व बसांव पीठाधीश्वर अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज के नेतृत्व में नारद सरोवर का परिक्रमा किया गया। जिसमें सैकड़ो श्रद्धालु भजन कीर्तन करते हुए शामिल हुए। जिसके बाद परिक्रमा समिति ने श्रद्धालुओं को प्रसाद ग्रह करवाया। इस दौरान डा. रामनाथ ओझा, रोहतास गोयल, सत्यदेव प्रसाद समेत कई अन्य लोग मौजूद रहे।

# एनएमओपीएस ने नई पेंशन नीति के विरोध में नगर में निकाला बाइक जुलूस

**केटी न्यूज/बक्सर**

रविवार को एनएमओपीएस जिला ईकाई के तत्वावधान में नई पेंशन योजना के विरोध में बाईक जुलूस निकाला गया। बाईक जुलूस नगर के भगत सिंह चौक से अंबेडकर चौक तक आयोजित हुआ। कार्यक्रम का नेतृत्व जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने किया। एनएमओपीएस के बैनर तले नई पेंशन योजना के विरोध एवं पुरानी पेंशन योजना के समर्थन में बाईक रैली भगत सिंह पार्क से अंबेडकर चौक तक निकाली गई। इसमें सभी विभागों के कर्मचारी, शिक्षकों ने भाग लिया. रैली में सभी लोग एनएमओपीएस एवं पुरानी पेंशन बहाल करें लिखी हुई टोपी सिर पर लगाए हुए थे। बाईक पर पुरानी पेंशन के समर्थन में विभिन्न प्रकार के नारे एवं श्लोगन लिखे हुए थे। रैली में पुरानी पेंशन लागू करो एवं नई पेंशन समाप्त करो के नारे लग रहे थे। रैली अम्बेडकर चौक पहुंच कर एक सभा में तब्दिल हो गई। सभी लोगों ने पुरानी पेंशन के समर्थन में आगामी 10 दिसंबर को पटना के संजय गांधी स्टेडियम गर्दनीबाग में पेंशन मानवाधिकार रैली में अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया। बाईक रैली में असलम खान कमल कुमार, ब्रजेश पाल, अजय कुमार, हरिहर प्रसाद, हरेंद्र पाल, तेज कुमार, राधा मोहन यादव, उमाशंकर मिश्रा (जिला सचिव), दीपक कुमार रजक (अध्यक्ष जन स्वस्थ संघ, बक्सर), शारदा कुमारी, कुमारी लालसा यादव, गुड्डू यादव, महेंद्र पसवान (सचिव कर्मचारी संघ गोप गुट), जाकिर हुसैन, मो. अनवर, जय राम सिंह, राजू कुमार व अन्य शामिल हुए।

# एमडीजे पब्लिक स्कूल सोनवर्षा में हुई मेधा छात्रवृत्ति प्रतियोगिता

**नावानगर।** सोनवर्षा के एमडीजे पब्लिक स्कूल में रविवार को मेधा छात्रवृत्ति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छह सौ छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का नेतृत्व भारत सरकार के अंतर्गत पंजीकृत एनबीएस एकादमी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के आयोजक आकाश चौधरी ने बताया कि प्रतियोगिता में शामिल छात्रों में से औव्वल पांच छात्रों को चयन किया जाएगा। जिसकी उच्चस्तरीय शिक्षा जैसे आईआईटी -जी, नीट, एनडीए फ्री में कराया जाएगा। साथ ही बेहतर करने वाले 50 प्रतिशत छात्रों को शिक्षा के लिए एनबीएस एकादमी द्वारा छात्रवृत्ति उपलब्ध कर जाएगी। इस प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम 28 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगा।

# क्राइम मीटिंग में डीएसपी ने क्राइम कंट्रोल का दिया निर्देश

**केटी न्यूज/डुमरांव**

रविवार को डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने एसडीपीओ कार्यालय में अनुमंडल के सभी थानाध्यक्षों और ओपी प्रभारियों के साथ बैठक किया। इस दौरान थानाध्यक्षों से शराब सहित अन्य मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ मुहिम चलाने, तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेजने तथा शराबबंदी कानून को हर हाल में लागू करने के लिए जागरूकता फैलाने का निर्देश दिया।

एसडीपीओ ने कहा कि जब तक समाज के लोग जागरूक नहीं होंगे तब तक शराब तस्करी के खिलाफ पुलिस को मदद नहीं मिलेगी। जीरो टॉलरेंस के लिए पुलिस-पब्लिक मैत्रीपूर्ण संबंधों को ध्यान में रखना नितांत आवश्यक है। इस दौरान डीएसपी ने शराब का धंधा छोड़ मुख्य धारा में लौटने वालों को रोजगार से जोड़ने में सहयोग करने की बात कही। इसके अलावा लंबित मामलों का निष्पादन, न्यायालय के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई को तेज करने तथा इलाके में अपराधिक प्रवृति वाले लोगों की गतिविधियों पर पैनी नजर रखने सहित अन्य कई जरूरी निर्देश दिए। बैठक में डुमरांव थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार, कोरानसराय थानाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, सिमरी थानाध्यक्ष अमन कुमार, नया भोजपुर ओपी प्रभारी मुकेश कुमार, मुरार थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद और नवानगर थानाध्यक्ष राजीव रंजन समेत कई थानों के थानाध्यक्ष और पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# डुमरांव के राज हाईस्कूल में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद ने 13 दिनों तक छात्रों को दी थी शिक्षा

**अमरनाथ केशरी/डुमरांव**

देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद का डुमरांव के प्रति काफी स्नेह था। उनकी यादें आज भी शहरवासियों को गौरवान्वित करती है। तीन दिसंबर को उनकी जयंती है। यह जयंती डुमरांव के लिए खास है। राजेंद्र बाबू को शिक्षा के प्रति काफी लगाव था। उनके बड़े भाई महेंद्र प्रसाद उन दिनों राज हाइस्कूल में शिक्षक के पद पर कार्यरत थे। डुमरांव अनुमंडल में यह विद्यालय उस वक्त राज बहुद्देश्यीय विद्यालय के रूप में चर्चित था। शिक्षक बड़े भाई बीमार होने के बाद अवकाश पर चले गये। छात्रों की पढ़ाई प्रभावित ना हो इसके लेकर अपने भाई के जगह राजेंद्र बाबू ने इस विद्यालय में 13 दिनों तक छात्रों को तामील दिया। उस समय राजेंद्र बाबू राष्ट्रीय आंदोलन के सक्रिय सिपाही थे। आजादी के बाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में शुमार थे और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। भारत के प्रथम राष्ट्रपति बनने के बाद राजेंद्र बाबू तीन अक्टूबर 1959 को दोबारा डुमरांव की धरती पर कदम रखे और राज अस्पताल एक्स-रे का उद्घाटन किया। बुजुर्गों की माने तो वे डुमरांव के कई लोगों को नाम से पुकारते थे। शहरवासियों को आज भी मलाल है कि देशरत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद की सिर्फ यादें रह गयी है। उनकी जयंती को ना कोई याद करता है और ना ही यहां कार्यक्रम आयोजित होते है। जबकि डुमरांव के प्रति वे अपने लगाव को कई बार जाहिर भी किए थे। वहीं राज हाई स्कूल में उन्होंने शिक्षण कार्य किया था। लिहाजा राज हाई स्कूल में उनकी प्रतिमा होना लाजिमी भी था। स्थानीय समाजसेवी प्रदीप शरण, पवन कुमार, मनीष जायसवाल का कहना है कि राजेंद्र बाबू के प्रतिमा या प्रतीक चिन्ह यहां होता तो शायद आने वाली पीढ़ी इनके बारे में जानकर अपने शहर पर गर्व महसूस करती। समाजसेवियों ने राज्य सरकार व जिला प्रशासन से राज हाई स्कूल परिसर में देश के प्रथम राष्ट्रपति की प्रतिमा स्थापित करने की मांग की है।

## बक्सर में शुरू हुआ बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल, नामांकन जारी

# अब बेहतर एजुकेशन के लिए छात्रों को नहीं जाना पड़ेगा बाहर: अंकुर

**केटी न्यूज/बक्सर**



बक्सर में बेहतर एजुकेशन नहीं मिलने के कारण ही अधिकांश लोग यहां से पलायन करते है। बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल में छात्रों को पढ़ाई के साथ ही खेलकूद, एक्टिविटि बेस्ट लर्निंग तथा थीम बेस्ट लर्निंग पर फोकस किया जाएगा। उक्त बातें रविवार को बक्सर के वैष्णवी क्लार्क होटल परिसर में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में इस स्कूल के मैनेजिंग डायरेक्टर इंजिनियर अंकुर राय ने कही। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में इसका कंसेप्ट तैयार किया गया था। उन्होंने कहा कि वैष्णवी एजुकेशन डेवलपमेंट ट्रस्ट के चेयरमैन व हमारे पिता प्रदीप राय ने महामारी के दौरान बाहर से आए लोगों से उनके परदेश जाने के संबंध में जब जानकारी ली तो पता चला कि बक्सर में अच्छे स्कूल नहीं है। अधिकांश लोग अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए ही सैकड़ो हजारों किलोमीटर दूर जा रहे है। इसके बाद ही उन्होंने इसकी नींव रखी। उन्होंने बताया कि इस स्कूल में ग्लोबल माइंडसेट पर आधारित कैरकुलम के अलावे छात्रों को तकनीकी शिक्षा, खेल आदि की शिक्षा दी जाएगी। शिक्षा थीम बेस्ट व एक्टिविटी बेस्ट आधारित होगा। इसके पहले मैनेजिंग डायरेक्टर अंकुर राय, जेनरल मैनेजर विजयानंद, विकास कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। मौके पर सैकड़ो गणमान्य व मीडियाकर्मी मौजूद थे। मीडियाकर्मियों को ट्रस्ट ने अंग वस्त्र व मोमेंटो दे सम्मानित किया।

**मेधावी छात्रों को दी जाएगी निःशुल्क शिक्षा:** अंकुर ने बताया कि वैष्णवी एजुकेशन डेवलपमेंट ट्रस्ट मेधावी छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देगी। इसके लिए छात्रों को मेधा परीक्षा पास करना होगा। उन्होंने बताया कि गरीब वर्ग से आने वाले मेधावी छात्रों के लिए ट्रस्ट की यह पहल वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा कि इस स्कूल को इंटरनेशनल थीम पर बनाया गया है तथा कुल 11 एकड़ के भू-भाग पर स्कूल बना है, जिसमें पढ़ाई के साथ ही क्रिकेट, फुटबॉल, बालीबॉल, हॉकी सहित कई अन्य खेलों के प्रतिभावन छात्रों को भी तराशा जाएगा।

**गणित में बेहतर होते हैं बिहारी:** वहीं बिरला ग्रुप के जेनरल मैनेजर विजयानंद ने कहा कि बक्सर में कंपनी के लोग ही स्कूल संभालेंगे तथा अधिकतर शिक्षक कंपनी द्वारा बाहर से लाया जाएगा। लेकिन गणित व हिन्दी जैसे विषयों के लिए स्थानीय शिक्षक रखे जाएंगे। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों का गणित व हिन्दी काफी अच्छा होता है। उन्होंने कहा कि यहां पढ़ाई करने वाले छात्रों को पढ़ाई के बाद एक साल तक इंटर्नशिप भी कराया जाएगा।



# तीन राज्यों में भाजपा को मिली जीत पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**केटी न्यूज/चंदौली–गाजीपुर**





भाजपा के तीन प्रदेशों में सरकार बनने के बाद कार्यकर्ताओं ने रविवार को नवाही गांव के समीप जश्न मनाया। जहां कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई और पटाखे फोड़ कर इजहार किया। इस दौरान भाजपा चंदौली पूर्वी मंडल अध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि भाजपा को प्रचंड जीत मिली है। इससे साफ जाहिर होता है कि जनता आज भी नरेंद्र मोदी भाजपा की नीतियों सिद्धांतों पर विश्वास रखती है। मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली जीत से यह साबित होता है कि भाजपा नेतृत्व ही देश की तरक्की और विकास कर सकता है इसलिए प्रदेश में जनता ने जो विश्वास काम किया है उसी का परिणाम है कि आज भाजपा के तीनों प्रदेशों में सरकार बनी है। इस दौरान गिरीश नंदन पांडेय, मृत्युंजय मौर्या, संजय पांडे ,हरे राम पांडेय, गोपीचंद मौर्य ,अनिल कुमार ,चंद्र मोहन कुमार, रुद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र पांडेय, दिव्यांशु पांडेय, संजीव मौर्य , राधेश्याम सिंह, दीपक राय, अजय सिंह गोलू ,अनुज मौर्य, संजय मिश्रा, विजय सिंह लोहा, आशुतोष पांडेय, शीतल राय, शैलेंद्र सिंह उपस्थित रहे।

**मोदी की गारंटी पर सबको विश्वासः**

**जखनियां।** चार राज्यों के चुनाव में भाजपा जिस प्रकार से तीन राज्यों में सरकार बनाने जा रही है और तेलंगाना में मजबूती के साथ उभरी है। उस खुशी में भाजपा जखनियां के कार्यकर्ताओं ने भाजपा की बड़ी जीत पर आतिशबाजी की और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर, गले लगा कर बधाई दी। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने कहा कि हमारे यशस्वी नेता नरेंद्र मोदी का मैजिक पूरे देश में बरकरार है। मोदी की गारंटी पर सबको विश्वास है। कांग्रेस ने जिस प्रकार से उनका अपमान किया था। चारों प्रांत की जनता ने इसका करारा जवाब कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व व गांधी परिवार को दिया है। श्री वर्मा ने कहा देश की जनता अब सनातन का अपमान नहीं सहेगी। उनको भारतीय जनता पार्टी के वादों और इरादों पर पूरा विश्वास है। नरेंद्र मोदी ने जिस प्रकार से देश की तकदीर और तस्वीर बदली है, जो भी उन्होंने वादा किया है। उसको पूरा किया है और देश को मजबूत स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। उसका ही परिणाम है कि आज जनता जनार्दन ने मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर विश्वास जताते हुए मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने, जितना बहुमत दिया है उतना तेलंगाना में भाजपा के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। उन्होंने कहा कि यह सब प्रभु श्रीराम की कृपा है। भाजपा जाति-पाती से उठकर सबका विकास करती है। मातृत्व शक्ति का सम्मान करती है। सबकी स्थिति कैसे मजबूत हो उसका पूरा ध्यान दे रही है।

## एक नजर

### हॉकी खिलाड़ियों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन



**बलिया।** इंटर जोनल प्रतियोगिता में जननायक चंद्रशेखर यूनिवर्सिटी द्वारा टीम न भेजे जाने के कारण हॉकी खिलाड़ियों ने रविवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई। आरोप लगाया कि हॉकी जो कि हमारा राष्ट्रीय खेल है, उसके साथ दोहरी नीति अपनाई जा रही है। पैसा खर्च न करना पड़े, इसलिए यूनिवर्सिटी द्वारा जानबूझ कर हम खिलाड़ियों को इंटर जोनल प्रतियोगिता में नहीं भेजा जा रहा है। राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी रेयाज अहमद ने बताया कि हॉकी खेल को खत्म करने के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन आमादा है। बताया कि इंटर जोनल प्रतियोगिता में टीम न भेजने जाने पर हम लोग यूनिवर्सिटी परिसर में आमरण अनशन शुरू किए थे। जिस पर हम लोगों को आश्वासन दिया गया कि ठीक है, टीम भेजी जाएगी। आप लोग पहले ट्रायल दीजिए। लेकिन कल शनिवार को ट्रायल के नाम पर खेल कर दिया गया। कुल 16 खिलाड़ी ट्रायल देने के लिए आए थे। जिसमें से 11 खिलाड़ियों का चयन करना था। लेकिन सिर्फ छह खिलाड़ियों को ही उपयुक्त बताया गया। ऐसे में 11 टीम जानबूझ कर नहीं बनने दिया गया। आरोप लगाया कि यूनिवर्सिटी को टीम भेजने के लिए पैसा खर्च करना पड़ता है, लेकिन पैसा खर्च न करना पड़े। इसलिए यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा इस तरह की साजिश रची गई है। कहा कि देश के राष्ट्रीय खेल को यूनिवर्सिटी प्रशासन खत्म करना चाहता है।

### कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर जोर

**बलिया।** अखिल भारतीय दिव्यांग संगठन जिला कमेटी के तत्वावधान में रविवार को कलेक्ट्रेट स्थित मॉडल तहसील प्रांगण में विश्व दिव्यांग दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में जिले के कोने–कोने से दिव्यांगजन आए हुए थे। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। दिव्यांग बालिका खुशबू द्वारा अतिथियों के सम्मान में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी एके गौतम ने बताया कि हम आपकी हर समस्या के निस्तारण के लिए संकल्पित है। हमारा प्रयास है कि शासन के मंशानुरूप सरकार की हर योजनाओं का लाभा आसानी से आप तक पहुंच सकें। उन्होंने संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम को सराहते हुए कहा कि यह संगठन अपने आप में आदर्श है, जो दिव्यांग समाज की अगुवाई के लिए प्रयासरत है। कार्यक्रम में झुलन अंसारी, रमेश पांडेय, गुलाब चौहान, मंटू यादव, संजय सिंह आदि रहे।

### एचआईवी के प्रति जागरूकता के लिए कार्यशाला

**चंदौली।** पुलिस लाइन सभागार में एचआईवी एड्स नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान के तहत रविवार को क्षेत्राधिकारी लाइन रघुराज की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित की गई। इस दौरान एड्स के दिनों दिन फैल रहे प्रसार पर चिंता जताई गई। साथ ही एड्स के कारण व बचाव के संबंध में चर्चा की गई। पंडित कमलापति त्रिपाठी जिला हास्पिटल के डा. मजूमदार व उनके सहयोगियों ने पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को एड्स के कारण व बचाव से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। कहा कि एचआइवी की जांच सरकारी अस्पतालों में बिल्कुल निःशुल्क की जाती है।

### उपनिरीक्षक की कार्य प्रणालियों से व्यापारियों में दहशत, प्रधान ने कार्रवाई की मांग की

गाजीपुर। दुल्लहपुर थाने के उपनिरीक्षक जगपत मिश्रा सिखडी. बाजार के व्यापारियों के लिए नासूर बने हुए हैं। कारोबारियों को आहत एवं उत्पीड़न के उद्देश्य से उनकी बाइकें दुकान के सामने खड़ी करने पर चालान किया जा रहा है। व्यापारी जब कुछ पूछते हैं तो धमकी मिलती है कि मुझे सस्पेंड करवा देना, जो होगा देखा जाएगा। ग्राम प्रधान सिखडी. वीरेंद्र यादव ने बताया कि अब तक व्यापारियों में कमलेश यादव, रमेश सिपाही, रितेश कुशवाहा, संतोष वर्मा ,आदित्य राय, कृष्ण कांत वर्मा, रमेश वर्मा ,राकेश सहित कई दुकानदारों का अपने दुकान के पास खड़ी बाइकों का चालान करके बाजार में सरेआम धमकी भी दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है कि ऐसे थाने के उपनिरीक्षक की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।थानाध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि इस संबंध में व्यापारियों और उपनिरीक्षक से वार्ता की जाएगी। सही क्या है उच्चाधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा।

### नागरिक सुरक्षा के कर्तव्य का पढ़ाया पाठ

**पीडीडीयू नगर।** उप नियंत्रक वाराणसी निरज मिश्रा के निर्देशन में नागरिक सुरक्षा कोर की ओर से आगामी स्थापना दिवस को लेकर साप्ताहिक कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार को सहायक उपनियंत्रक व.वे. योगेश कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व मे गोष्ठी के साथ प्रारंभ हुआ। मौके पर श्रीवास्तव द्वारा कोर के पदाधिकारियों व स्वयंसेवकों को नागरिक सुरक्षा के कर्तव्य सहित अनुशासन का पाठ पढ़ाया गया। इस दौरान उन्होंने कोर के स्थापना का उद्देश्य और प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य करने की रूपरेखा बताई। साथ ही समाज में अपनी स्थापना और कर्तव्य के प्रति सेवा कार्य की महत्ता पर प्रकाश डाला। इसके अलावा आपदा व आपातकालीन स्थितियों से निपटने हेतु बिंदुओं पर जानकारी दी। कार्यालय सहायक राजीव कुमार द्वारा उक्त साप्ताहांत कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए सभी से सम्मिलित होने की अपेक्षा की गयी। इसके अलावा आईओसी सरफराज अहमद ने नागरिक सुरक्षा को जनता और प्रशासन की तीसरी आंख बताया वहीं धर्मप्रकाश जायसवाल ने वर्तमान परिवेश में कोर के कार्य पर प्रकाश डाला। स्टाफ आफिसर कमलेश तिवारी ने कार्य की विस्तृत जानकारी देते हुए कर्तव्य निर्वहन हेतु अनुशासन और कर्तव्य भावना को परिभाषित किया।

## खबरें फटाफट

### खेत में पेड़ पर फंदे से लटकते मिला शव, फैली सनसनी

**मऊ।** सरायलखंसी थाना के अमरहट गांव के में रविवार की सुबह किसान के घर से करीब दो सौ मीटर खेत में लगे पेड़ पर फंदे से लटकता हुआ शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और फोरेंसिक टीम जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के मुताबिक अमरहट गांव निवासी रामाश्रय यादव (55) रविवार का भोर में जगने के बाद मवेशियों को चारा पानी के देकर दरवाजे की सफाई किया। इसके बाद वह घर से करीब दो सौ मीटर दूर खेत पर गया। घर से जाने के बाद करीब दो घंटे बाद उसका शव खेत में लगे नीम से लटकता मिला। गांव के कुछ लोग वहां से गुजर रहे थे तो पेड़ से लटकता शव देख उसकी पहचान कर परिजन को जानकारी दी। कुछ देर बाद घटनास्थल मृतक के परिजन और पुलिस व फोरेंसिक टीम भी पहुंची। शव को पेड़ से उतार कर मौके से कुछ साक्ष्य लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। मृतक के बड़े लड़के राकेश ने बताया कि उसके पिता पिछले तीन से चार दिनों से काफी परेशान और तनाव में थे। लेकिन उन्होंने परिवार के किसी सदस्य को इसकी जानकारी नहीं दी।

### गैस कटर से नहीं कटी आलमारी, चोरी होने से बचा लाखों का आभूषण

**गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के सिखड़ी बाजार में आरती ज्वेलर्स के नाम से प्रमोद वर्मा की बड़ी सरार्फा की दुकान है। बीती रात चोरों ने साड़ी के सहारे छत पर चढ़े और आंगन रोशनदान का ताला तोड़कर कपड़े के सहारे अंदर आए और गोदरेज की अलमारी को गैस कटर से काटते रहे, लेकिन अलमारी कट नहीं सका। अंत में हार मानकर सीसी कैमरे का डीवीआर लेकर चले गए। सुबह ग्रामीणों ने देखा कि छत पर चढ़ने के लिए साड़ी को गांठ बनाकर लटक रहा है, तो चोरी की आशंका को देखते हुए तत्काल उन्होंने 100 मीटर की दूरी पर प्रमोद वर्मा के आवास पर जाकर सूचना दी।

## सीएम योगी ने 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को दिया नियुक्ति पत्र

# सीएम योगी बोले... कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा

**केटी न्यूज/लखनऊ**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नियुक्ति पत्र पाने वालों के लिए अवसर है, लेकिन हमें जिम्मेदारियां भी समझनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी कहते हैं कि अधिकार की बात हर कोई करता है, लेकिन कर्तव्य के बारे में भी जानकारी होनी चाहिए। अधिकार से अधिक कर्तव्य महत्वपूर्ण है, कर्तव्य का निर्वहन करेंगे तो अधिकार सुरक्षित हो जाएगा। जब समाज अधिकारों की बात करता है और कर्तव्यों की बात नहीं करता तो वह स्वयं को धोखा देता है। कर्तव्य किया तो बिना सिफारिश, बिना भेदभाव आपका चयन हुआ। पारदर्शी प्रक्रिया के तहत राज्य में साढ़े छह वर्ष में छह लाख लोगों को नौकरी मिली। सीएम ने कहा कि हमारा परिश्रम ही सबसे बड़ा सर्टिफिकेट है। परिश्रम की पराकाष्ठा करते हुए आपको यूपी के सर्वांगीण विकास में योगदान देना चाहिए।

यह बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा आयोग द्वारा चयनित 242 सहायक बोरिंग टेक्नीशियन को रविवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण करते हुए कहीं। सीएम ने नवचयनितों को पीएम मोदी के पंच प्रण की भी याद दिलाई। सीएम ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था, केंद्र-प्रदेश सरकार की योजनाओं व स्वतः रोजगार के जरिए करोड़ों लोगों को रोजगार से जोड़ने में सफलता पाई। हमारी मंशा है कि युवाओं के साथ भेदभाव न हो। जिन्हें विकास अच्छा नहीं लगता, वे हर मुद्दे का राजनीतिकरण करने का प्रयास करते हैं। ऐसे लोग नहीं चाहते कि विकास की प्रक्रिया में यूपी को आगे बढ़ा सकें। 2017 के पहले जिस राज्य को अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में होना चाहिए, वह पिछड़ता गया। उस समय देश में यूपी छठवें स्थान पर था। यूपी के नौजवान यहां नौकरी नहीं पाते थे और बाहर जाने पर यूपी का होने के कारण छंटनी हो जाती थी, लेकिन आज युवा व नागरिक सम्मानजनक व्यवहार पाते हैं। अब तो पारदर्शी तरीके से नौकरी, रोजगार व स्वरोजगार भी है।

**विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली, इसके संरक्षण का दायित्व हमाराः** सीएम ने चयनित बोरिंग टेक्नीशियन से कहा कि सिर्फ ट्यूबवेल ऑन-ऑफ करना ही हमारी जिम्मेदारी नहीं है। यहां पर्याप्त जल संसाधन है। हमारे पास भूजल और सरफेस वाटर भी है तो सदानीरा नदियां भी हैं। इसने यूपी की धरा को उर्वरा भूमि के रूप में स्थापित करने में मदद की है। यूपी में 70 फीसदी सिंचाई भूजल से होती है। शेष 30 फीसदी सिंचाई के लिए नहरें आदि बिछाई हैं। 80 फीसदी आबादी को भूगर्भीय जल से पेयजल की आपूर्ति करते हैं। यूपी औद्योगिकीकरण के नए युग में प्रवेश कर रहा है। उद्योगों में 85 फीसदी भूगर्भीय जल की आपूर्ति होती है। प्रकृति व परमात्मा ने हमें अमूल्य निधि दी है। विरासत में हमें समृद्ध जल संपदा मिली, लेकिन इसके संरक्षण का दायित्व हमारा होना चाहिए। एक ओर पेयजल, सिंचाई व उद्योगों के लिए जलापूर्ति करनी है, लेकिन पानी के एक-एक बूंद का संरक्षण भी करना है।

**हर राज्य के पास यूपी जैसा सौभाग्य नहींः** सीएम ने कहा कि जल के बिना जीवन की कल्पना ही नहीं की जा सकती। यूपी जैसे राज्य में वर्षा देर से आने पर भी हम खेतीबाड़ी कर लेते हैं। मॉनसून विलंब से आने पर भी धान की बिठौनी समय से प्रारंभ हो गई। अधिकांश क्षेत्रों में किसानों को संकट नहीं उठाना पड़ा। ट्यूबवेल, नहरों में पानी, बिजली आदि की सुविधा थी, लेकिन हर राज्य के पास ऐसा सौभाग्य नहीं है। इस अवसर पर जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद, मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्र, नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव, सचिव डॉ. बलकार सिंह आदि मौजूद रहे।

**सीएम के हाथों 10 नवचयनितों को मिले नियुक्ति पत्रः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 10 नवचयनितों मुकेश कुमार सिंह, अनिल कुमार, सनोज यादव, सौरभ कुमार वर्मा, दीक्षा गुप्ता, शुभम दीक्षित, प्रियंका सैनी, सचिन कुमार, विमल राजवंशी, मो. इमरान को नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

### 2022 में डबल इंजन की सरकार आई, रोजगार की बहार लाई

सीएम ने कहा कि 2022 में दूसरी बार डबल इंजन की सरकार आई तो भी युवाओं के लिए रोजगार की बहार लाई। उन्होंने बताया कि जेई (सिंचाई व जलसंसाधन) के 1438 अभ्यर्थी, उप्र लोकसेवा आयोग के द्वारा प्रवक्ता व सहायक अध्यापकों के 436 पद, 271 खंड विकास अधिकारी, 49 उपजिलाधिकारी, 110 नायब तहसीलदार, 31277 सहायक अध्यापक (बेसिक शिक्षा), 1160 डिप्टी कलेक्टर, बीएसए, प्रवक्ता, समीक्षा अधिकारी व गन्ना पर्यवेक्षक की नियुक्ति हुई। 267 नायब तहसीलदार, प्रवक्ता व सहायक अध्यापक की नियुक्ति प्रक्रिया को पूरा किया गया। 332 आबकारी सिपाहियों की नियुक्ति हुई। 1354 स्टाफ नर्स, 431 वरिष्ठ प्राविधिक सहायक (कृषि सेवा), 9055 सब इंस्पेक्टर (सिविल, पीएसी, प्लाटून कमांडर व अग्निशमन अधिकारी), 2021 के चयनित 496 पीसीएस अफसरों को नियुक्ति पत्र दिया गया। विभिन्न विभागों के नवचयनित 795 अधिकारी, 7182 एएनएम, 1148 उप व सहायक उपनिरीक्षकों की भर्ती हुई। सीएम ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय खेल स्पधाओं (ओलंपिक, विश्व चैंपियनशिप, एशियन गेम्स) में पदक लाने वाले खिलाड़ियों को भी नियुक्ति पत्र दिया गया। पहली बार यूपी पुलिस में 277 आरक्षियों व दूसरी बार में 333 खिलाड़ियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। 510 समीक्षा अधिकारी, 400 समीक्षा अधिकारी, कार्यशाला अनुदेशक व कनिष्ठ सहायक, 1573 एएनएम स्वास्थ्य कार्यकत्री, 240 कनिष्ठ सहायक व 293 होम्योपैथिक फार्मासिस्ट की भर्ती प्रक्रिया को कुशलता पूर्वक संपन्न किया।

## महिला हिंसा विरोधी अभियान चला लोगों को किया जागरूक

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

शादियाबाद थाना के अर्न्तगर्त कासा लखनउ के सहयोग व विकास जन संगठन के द्वारा 'महिलाओं के विरुद्ध हिंसा उन्मूलन के लिए अंतरराष्ट्रीय पखवाड़ा दिवस के अंतर्गत महिला हिंसा विरोधी अभियान का आयोजन संगठन के अगुवाओं जखनियाँ व मनिहारी ब्लॉक के बरौली वसेवा मुबारकपुर चकमहताब मुस्तफाबाद गुरैनी हुसेनपुर ग्राम पंचायत मे किया गया जिसमे मनोज कुमार द्वारा महिलाओ को उनके विरुद्ध हो रहे विभिन्न प्रकार के शोषण ,हिंसा व सामाजिक असमानता के प्रति जानकारी देते हुये उन्हे इस बात को बताया गया कि वे अपने हक अधिकार व समाज मे सम्मान व अधिकार पाने के लिए संवैधानिक नियमो व कानूनों की जानकारी लेकर उनके ऊपर हो रहे अत्याचारो व शोषण के विरुद्ध एकजुट होकर पैरवी कर आत्मरक्षा करने की जरूरत है साथ ही साथ उनके द्वारा विभिन्न टोल फ्री नंबरों (1090, 1098, 181, 1076, 112) के उपयोग आदि की जानकारी दी गई।

## भारत के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का सम्मान समारोह मना

**केटी न्यूज/गाजीपुर**



सेवराई तहसील मुख्यालय के पंचशील चौक से भारतवर्ष के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का सम्मान समारोह एवं भव्य झांकी का आयोजन किया गया। उपजिलाधिकारी संजय यादव ने तिरंगा फहराकर कार्यक्रम की शुरूआत की। पंचशील चौक पर सम्राट अशोक क्लब के द्वारा भारत वर्ष के राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह का सम्मान समारोह एवं भव्य झांकी का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि सेवराई एसडीएम संजय यादव ने तिरंगा झंडा फहराकर कार्यक्रम को गति दी। उसके बाद मौजूद सभी लोगों के द्वारा राष्ट्र गान गाया गया। सम्राट अशोक क्लब के पदाधिकारियों के द्वारा एसडीएम को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट की गई। वही विशिष्ट अतिथि गहमर कोतवाल अशोक कुमार मिश्र, सेवराई चौकी इंचार्ज अनूप यादव, महिला कांस्टेबल पूजा सरोज आदि लोगो को भी क्लब के द्वारा अशोक स्तम्भ के रूप में स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। हाथों में राष्ट्रपति कॉन को लेकर भारी संख्या में महिला और पुरुष क्लब के सदस्यों एवं आम जन मानस के द्वारा कतारबद्ध होकर झांकी निकाली गई। यह झांकी पंचशील चौक से होते हुए कंपोजिट विद्यालय सेवराई, रेलवे क्रॉसिंग, मुख्य बाजार, शिव मंदिर, यूनियन बैंक चौराहा, न्यू मार्केट होते हुए भदौरा बस स्टैंड पहुंची, जहां प्रखर प्रज्ञा कान्वेंट स्कूल में सभी का स्वागत सम्मान करते हुए झांकी सभा में तब्दील हो गई। रास्ते से गुजरते समय स्थानीय दुकानदारों एवं राहगीरों के द्वारा पुष्प अर्पित करते हुए अशोक चिन्ह का सम्मान किया जा रहा था।

## उत्तर-सत्य युग में भोजपुरी भाषा और साहित्य का पुनरावलोकन' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

# फूहड़ भोजपुरी फिल्म और संगीत भोजपुरी भाषा के लिए बड़ा खतराः डॉ.सुनील

**केटी न्यूज/गाजीपुर**





जेएन कॉलेज पासीघाट, राजकीय महिला पीजी कॉलेज, पीजी कॉलेज गाजीपुर एवं आर्य महिला पीजी कॉलेज वाराणसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'उत्तर-सत्य युग में भोजपुरी भाषा और साहित्य का पुनरावलोकन' विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता डॉ. श्रीकांत पांडेय ने किया। आपके अनुसार भोजपुरी भाषा को समृद्धि इसके प्रयोग से मिलेगी। अन्य भाषाओं के साथ इसके प्रयोग से इसका क्षेत्र व्यापक होगा। इसमें अभी भी बड़ा साहित्य सृजन नहीं हो पाया है। नेपाल भाषा आयोग के अध्यक्ष डॉ. गोपाल ठाकुर एवं सदस्य गोपाल ठाकुर 'अश्क' ने भोजपुरी भाषा के संवर्धन और संरक्षण में योगदान को रेखांकित किया। अपने नेपाल में 150 पुस्तकों के सृजन और 'नेपाल प्रज्ञा प्रतिष्ठान' का महत्व बताया। आपके अनुसार भोजपुरी में भारत से ज्यादा कार्य नेपाल में हो रहा है तथा यह भोजपुरी नेपाल की तीसरी भाषा है। डॉ संतोष सिंह ने भोजपुरी सिनेमा के विकास के साथ भोजपुरी संस्कृति के विकास में भोजपुरी की पहली फिल्म 'गंगा मैया तोहे पियरी चढ़ाइयबे' तथा 'तीसरी कसम' की विशेष रूप से चर्चा की। इसके इसके सूत्रधार नासिर हुसैन भी गाजीपुर के ऊसिया क्षेत्र के रहने वाले थे। पटना से आई डॉ ज्योत्सना प्रसाद ने कहा कि भोजपुरी को अन्य भाषाओं के साथ जुड़े तो इसका विस्तार होगा तथा भोजपुरी को समृद्ध करने के लिए विभिन्न विषयों पर रचना की आवश्यकता भी बताया।

इस अवसर पर विविध वक्ताओं ने अपने शोध वक्तव्य भी दिए। डॉ. सिद्धार्थ शंकर त्रिपाठी ने कहा कि भारतीय चेतना विग्रह नहीं बल्कि समन्वयक मूलक है। इसमें सकारात्मक चेतना के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। डॉ समरेंद्र मिश्रा ने भोजपुरी साहित्य में राम के चरित्र की चर्चा की। दीपक कुमार ने भोजपुरी में आंदोलन की आवश्यकता बताई तथा तकनीकी शब्दावली के अभाव की ओर अपना ध्यान आकर्षित किया। जबकि डॉ उदय प्रताप पाल ने भोजपुरी साहित्य के विविध पक्ष पर प्रकाश डालते हुए गडरिया जाति में भेड़ के गुणनारूप भोजपुरी नामावली की गहन चर्चा की। अमन मिश्रा ने भोजपुरी साहित्य में देशज वनस्पति चिकित्सा एवं देसी दवाओं के उपयोग पर चर्चा की। जबकि उदय नारायण सिंह ने वैदिक विचारों के साथ भोजपुरी की गायन शैली को वैदिक उच्चारण से जोड़ने का प्रयास किया किया। सत्र का संचालन डॉ जयशंकर सिंह ने किया।

समापन सत्र की अध्यक्षता डॉ पृथ्वीराज सिंह ने की। मुख्य अतिथि बीएचयू के हिंदी विभाग के अध्यक्ष प्रो. वशिष्ठ अनूप रहे। दिल्ली विश्वविद्यालय के डॉक्टर सुनील कुमार राय ने भोजपुरी के व्यावहारिक प्रयोग पर बल दिया तथा फूहड़ भोजपुरी फिल्म और संगीत को भोजपुरी के लिए बड़ा खतरा बताया। संचालन विद्यानिवास मिश्र ने किया। आभार ज्ञापन जीवनोदय शिक्षा समिति के अध्यक्ष डॉ. राम नारायण तिवारी ने किया।


दाँत का अस्पताल
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक
AN ISO certified Clinic 9001 : 2015
पता - पाल कॉम्पलेक्स महराजा पेट्रोल पंप के बगल में स्टेशन रोड़, डुमरांव
मोबाईल नम्बर 7992243949, 9570259286
E mail id - kundan95702@gmail.com
दंत-रोपण एवं टूटे हुए जबड़े की सफल सर्जरी
डा. हिमांशु पाण्डेय
सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक
शिवम डेन्टल मल्टीस्पेशलिटी क्लिनिक